Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006
Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

>

Title : Need to set up a Diesel Homeshed and Wagon Carrier Workshop at Purna Junction, Prabhani Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र परभनी अंतर्गत पूर्णा जंक्शन से पहले एक लोकोशेड था जो डीजल इंजन आने के बाद बंद कर दिया गया है जबकि यहां पर जो लोको शेड था, उसका पूरा ढांचा बना हुआ है। कर्मचारियों की कालोनी भी बनी हुयी है। पानी एवं जमीन भी उपलब्ध है। परन्तु जब लोकोशेड बंद किया जो उसके स्थान पर डीजल होमशेड नहीं बनाया, जिसके कारण लोकोशेड के लिए जो सुविधा पूर्णा जंक्शन में थी, रेलवे को उसका फायदा नहीं मिल रहा है। पूर्णा जंक्शन से लालागुडा वर्कशॉप 650 किलोमीटर, रायल पाडू की वर्कशाप 650 किलोमीटर, माटूंगा वर्कशाप 700 किलोमीटर एवं हुबली वर्कशाप 600 किलोमीटर दूर हैं। पूर्णा जंक्शन से डीजल इंजन की मरम्मत एवं वैगनों की धुलायी हेतु बहुत दूर जाना पड़ता है, जिससे रेलवे को बहुत हानि हो रही है और दूसरी ओर पूर्णा जंक्शन में डीजल होमशेड की सारी सुविधा होने के बाद उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूर्णा जंक्शन में डीजल होम शेड एवं वेगन केरियर वर्कशाप स्थापित किया जाये, इससे रेलवे को लाभ होगा और जनता का हित भी होगा।